# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक–22.04.2025 (संध्या–1900 बजे)
## मुख्य समाचार

1 **मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने बार्सिलोना में निवेशकों और विशेषज्ञों से की मुलाकात, फुटबॉल कोच प्रशिक्षण के लिए एमओयू और झारखंड में जीआईजीए फैक्ट्री की स्थापना का प्रस्ताव दिया।**

2 **राज्य में पोषण पखवाड़े के समापन कार्यक्रम के तहत कई जिलों में लगी पोषक व्यंजनों की प्रदर्शनी, बेहतरीन कार्य करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाएं हुई सम्मानित।**

3 **रांची में वक्फ संशोधन अधिनियम पर भाजपा की जनजागरण कार्यशाला आयोजित, भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री ने कहा–बिल भारत के विकास का मील का पत्थर, विपक्ष फैला रहा भ्रम।**

4 **राज्य में 40 दिन तक चलेगा कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान, बेरोजगारी, पेसा कानून और ओबीसी आरक्षण जैसे मुद्दों पर होंगी रैलियां।**

5 **68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता में झारखंड की खुशबू तिर्की ने अंडर 17 में जीता रजत पदक।**

**********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखण्ड में निवेश को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पेन यात्रा पर हैं, जहां उन्होंने बार्सिलोना में प्रवासी भारतीय व्यवसायियों और विशेषज्ञों से मुलाकात की। इस दौरान स्टार्टअप, क्लीन एनर्जी, मेडटेक, खेल विपणन और बायो–फार्मास्यूटिकल्स सहित कई क्षेत्रों में सहयोग की संभावनाओं पर चर्चा की। इस क्रम में आर सी डी एस्पन्योल क्लब ने झारखण्ड के फुटबॉल कोचों के प्रशिक्षण के लिए एमओयू का प्रस्ताव दिया है। मुख्यमंत्री ने टेस्ला ग्रुप के सीईओ से मुलाकात कर राज्य में जीआईजीए फैक्ट्री स्थापित करने के प्रस्ताव का स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सभी विशेषज्ञों को झारखण्ड आने और राज्य में निवेश का न्योता दिया।

**********************

झारखंड विधानसभा में आज विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो की अध्यक्षता में राष्ट्रमंडल संसदीय संघ झारखंड शाखा की वार्षिक आम बैठक हुई। मौके पर श्री महतो ने संघ की स्थापना और इसके कार्यों पर चर्चा करते हुए बताया कि यह संगठन संयुक्त राष्ट्र संघ के बाद सबसे बड़ा संगठन है। बैठक में सचिव माणिक लाल हेम्ब्रम ने संघ का वार्षिक लेखा जोखा प्रस्तुत किया और सदस्यों की संख्या 137 होने की जानकारी दी। बैठक में संसदीय कार्य मंत्री राधाकृष्ण किशोर, मंत्री दीपक बिरूवा, विधायक सी पी सिंह और अन्य नेताओं ने भाग लिया।

**********************

झारखंड में पोषण पखवाड़े के समापन के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें मोटे अनाजों और साग सब्जी से बने व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई गई। साथ ही बेहतरीन कार्य करने वाली आंगनबाड़ी सेविकाएं को सम्मानित किया गया। इस क्रम में जामताड़ा जिले में बाल विकास परियोजना के कर्मचारियों और सहियाओं को कुपोषण मुक्त समाज की शपथ दिलाई गई।

इधर खूंटी और चतरा जिले में भी पोषण पखवाड़ा का समापन समारोह आयोजित किया गया।

**********************

राजधानी रांची स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में वक्फ संशोधन अधिनियम को लेकर जनजागरण अभियान कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत गौतम, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। कार्यशाला में अल्पसंख्यक समुदाय के गणमान्य व्यक्तियों की भी भागीदारी रही। मौके पर दुष्यंत गौतम ने विपक्ष पर भ्रम फैलाने का आरोप लगाया।

**********************

राजधानी रांची में कांग्रेस प्रभारी के. राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश की अध्यक्षता में झारखंड कांग्रेस की राज्य कार्यकारिणी की बैठक आयोजित की गई। इस मौके पर के. राजू ने जानकारी दी कि पार्टी राज्यभर में 40 दिन तक **संविधान बचाओ अभियान** चलाएगी जिसके तहत केंद्रीय संस्थानों के दुरुपयोग के मुद्दे को जन–जन तक पहुंचाया जाएगा।

**********************

जमशेदपुर में क्षत्रिय करणी सेना के प्रदेश अध्यक्ष विनय सिंह की हत्या के मामले में अपराधियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है, इसे लेकर राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास और पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने तीखी प्रतिक्रिया दी है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए रघुवर दास ने कहा कि राज्य में अपराध चरम पर है और मुख्यमंत्री का गृह विभाग संभालते हुए अपराध पर नियंत्रण जरूरी है, क्योंकि निवेश वहीं आता है जहां सुरक्षा हो।

**साउंड बाइट – रघुवर दास, जम□ीदपुर ऑन करणी सेना मौत– 31 सेकेण्ड**

वहीं अर्जुन मुंडा ने विनय सिंह के परिजनों से मुलाकात की और प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की मांग करते हुए सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहयोग देने की अपील की।

*********************

सरायकेला खरसावां जिले के आदित्यपुर नगर निगम क्षेत्र में जल संकट और अन्य जन समस्याओं को लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा ने नगर निगम प्रशासक को मांग पत्र सौंपा है जिसमें जल संकट का त्वरित समाधान, टैंकर से नियमित जलापूर्ति, बृहत जलापूर्ति योजना की देरी, और सूखाग्रस्त क्षेत्रों में डीप बोरिंग की व्यवस्था की मांग की गई।

*********************

सिविल सेवा दिवस पर राजधानी दिल्ली में आयोजित होने वाले प्राइम मिनिस्टर अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन अवॉर्ड से गुमला जिला को लगातार दूसरे वर्ष भी सम्मानित किया गया। और जानकारी दे रहे हैं हमारे संवाददाता –

*********************

**संक्षिप्त खबरें**

- रांची के चंदनकियारी प्रखंड के तियारागाँव निवासी, अख़बार विक्रेता श्री राम प्रसाद महतो के सुपुत्र राजकुमार महतो ने यूपीएससी सिविल सेवा परीक्षा 2024 में 557वीं रैंक हासिल कर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है।
- एंटी करप्शन ब्यूरो ने गढ़वा जिले के केतार प्रखंड में पूर्व मुखिया सुरेंद्र प्रसाद यादव को गिरफ्तार किया। वे चार साल पहले रिश्वत लेने के आरोप में गिरफ्तार हुए थे, बेल टूटने पर अब उन्हें फिर से गिरफ्तार किया गया।

*********************

राज्य में गर्मी और लू का कहर जारी है, मौसम विभाग ने लू और कुछ इलाकों में बारिश को लेकर येलो अलर्ट जारी किया है।

*********************

68वीं राष्ट्रीय विद्यालय कुश्ती प्रतियोगिता के पहले दिन झारखंड की पहलवान खुशबू तिर्की ने 40 किलो (अंडर 17) वर्ग में रजत पदक जीता। खुशबू तिर्की जेएसएसपीएस की प्रशिक्षु पहलवान हैं और उनके रजत पदक जीतने पर विभिन्न शिक्षा और कुश्ती संगठनों ने उन्हें बधाई दी है।

*********************

आईपीएल क्रिकेट में आज लखनऊ सुपर जायंट्स का मुकाबला डेल्ही कैपिटल्स से लखनऊ में होगा। यह मैच शाम साढे सात बजे से खेला जाएगा।

*********************